Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to sanction establishment of an Outdoor and an Indoor Stadium in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand-laid.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं कि पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले यथा पलामू एवं गढ़वा देश के 112 आकांक्षी जिलों के अंतर्गत आते हैं जहां खेल सुविधाओं का घोर अभाव है । विदित है कि मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू में न तो आउटडोर स्टेडियम है और न ही इंडोर । खेल सामग्रियों का भी घोर अभाव है, जबकि हॉकी एवं तीरंदाजी की खिलाड़ियों का भरमार है । मैं समझता हूं कि यदि इन खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान की गयी तो निश्चित रूप से वे एक दिन राज्य एवं देश का नाम रौशन करेंगे ।

अतः माननीय मंत्री युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय से अनुरोध है कि उपरोक्त स्थिति में मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू (झारखंड) के लिए एक आउटडोर स्टेडियम और एक इंडोर स्टेडियम स्वीकृत करने की कृपा की जाय ।